## सार-समाचार

### प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर उत्साह

**छबड़ा** (निसं)। जैसे-जैसे प्राण-प्रतिष्ठा समारोह नजदीक आता जा रहा हैं, वैसे-वैसे समाजबंधुओं में उत्साह, उमंग बढ़ता जा रहा हैं। यादव (जाटव) समाज द्वारा यहां के खेल मैदान में एक से पांच जून तक आयोजित होने वाले ग्यारह कुण्डीय राम दरबार महायज्ञ प्राण प्रतिष्ठा (डोरा) तथा ग्यारह कन्या निःशुल्क विवाह समारोह की तैयारियां व्यापक रूप से की जा रही हैं। समिति पदाधिकारी गांव-गांव, ढाणी-ढाणी सहित संभाग के जिलो में पहुंचकर जनसम्पर्क कर रहे हैं। मीडिया प्रभारी नरेंद्र कुमार व श्यामसुंदर यादव ने बताया कि यादव मोहल्ले में समाज के नवनिर्मित मंदिर में श्रीराम दरबार के विराजमान होने की तैयारियां अब युद्धस्तर पर की जा रही हैं। समिति पदाधिकारियों व समाजबंधुओं की अलग-अलग टीम जनसम्पर्क व व्यवस्थाओं में जुटी हुई हैं। कार्यक्रम की श्रृंखला में एक जून रविवार को शोभायात्रा, सर्वदेव पूजन, ब्राह्मण वरण, अग्नि स्थापना, जलाधिवास, दो जून सोमवार को सर्वदेव पूजन, हवन, पत्राधि, पुष्पाधिवास, फलादिवास, तीन जून मंगलवार को सर्वदेव पूजन, धृताधिवास, शर्कराधिवास, चार जून बुधवार को सर्वदेव पूजन, हवन, अन्नाधिवास, महाभिषेक, यज्ञोपवित संस्कार, पांच जून गुरुवार को सर्वदेव पूजन, पूर्णाहुति एवं प्रसादी वितरण के साथ धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न होंगे।

### निगम ने अतिक्रमण हटाये

**कोटा,** (निसं)। नगर निगम कोटा उत्तर प्रशासन द्वारा सड़क-फुटपाथ पर जमे अतिक्रमियों को हटाने की कार्यवाही बुधवार को भी जारी रही। बुधवार को निगम उत्तर के अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा किशोरसागर से नयापुरा अग्रसेन चोराहा तक के क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। नगर निगम कोटा उत्तर के अति. पुलिस अधीक्षक व अतिक्रमण प्रभारी तरूणकांत सौमानी ने बताया कि बुधवार को कोटा उत्तर निगम का अतिक्रमण निरोधक दस्ता सहायक अतिक्रमण प्रभारी हनुमाना राम की अगुवाई में किशोरसागर व नयापुरा क्षेत्र पहुंचा और अग्रसेन चौराहे एवं आरटीडीसी के गेस्ट हाऊस के बाहर मुख्य सड़क और फुटपाथ पर कब्जा कर गन्ने के रस विक्रय कर रहे अतिक्रमियों के विरूद्ध कार्यवाही की गई और उनके सामान जब्त कर फुटपाथ को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। निगम उत्तर के अतिक्रमण प्रभारी तरूणकांत सौमानी ने बताया कि इन गन्ने वालों के द्वारा सड़क को जाम कर दिया जाता था और जिससे राहगीरों को परेशानी का सामान करना पड़ता था। जिसके तहत कार्यवाही कर मुख्य सड़क व फुटपाथ को अतिक्रमण मुक्त बनाकर राहगीरों को राहत प्रदान की गई।

### आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज

**छबड़ा** (निसं)। पिता ने अपनी पुत्री की मृत्यु के लिए जमाई को जिम्मेदार ठहराया। पिता ने उनकी पुत्री को आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला छबडा थाने में दर्ज करवा दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार परोलिया निवासी राधेश्याम मीणा ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि मैने मेरी पुत्री ममता की शादी 8-9 वर्ष पहले बालापुरा के रहने वाले लोकेश मीणा के साथ की थी, दोनो भाइयो के आपस में कहासुनी होती रहती थी, इसलिये मेरे जमाई व मेरी पुत्री करीब 3 वर्ष छबडा में उनके मकान पर आकर रहने लगे। यह दोनो पती पत्नी बच्चो सहित एक कमरे में रहते थे, मेरा जमाई लोकेश रोजाना शराब पीने का आदी था, शराब पीकर मेरी पुत्री के साथ आये दिन मारपीट करता था, उसकी रिपोर्ट थाने में पहले दर्ज कराई थी मेरे जमाई लोकेश द्वारा मेरी पुत्री ममता के साथ आये दिन मारपीट करने से ही मेरी पुत्री ममता की कोई जहरीली बस्तु खाने से ही उसकी मृत्यु होना संभव है। पुलिस ने पिता की रिपोर्ट पर जमाई लोकेश के विरुद्ध आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर लिया है।

### एनडीपीएस एक्ट के मामले का निस्तारण

**छबड़ा** (निसं)। एडीजे अविनाष चौधरी ने दस वर्ष पूर्व के एनडीपीएस एक्ट के मामले का निस्तारण करते हुए मंगलवार को एक आरोपी को दो वर्श के कठोर कारावास व दस हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित दिया। अपर लोक अभियोजक अमृतलाल लोधा ने बताया कि 21 अक्टूबर 2014 को बापचा थाना पुलिस ने मोतीपुरा रेलवे स्टेषन के आगे रेलवे फाटक की तरफ से दो पुरूश व एक महिला को रोककर तलाषी ता उन्होने अपने नाम फलिया निवासी रामराज पुत्र पन्नालाल, दर्षन पुत्र पन्नालाल, गंगा पत्नी राहुल निवासी जादूगर का भाटा, ढाई दिन का झोपडा अजमेर बताया। उनके कब्जे से 250 ग्राम अफीम बरामद कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। एडीजे चौधरी ने निर्णय देते हुए रामराज को दो वर्श के कठोर कारावास व अर्थदण्ड से दण्डित किया। आरोपी दर्षन को दोश मुक्त किया गया हैं आरोपी गंगा मामले में मफरूर चल रही हैं।

### युवक ने आत्महत्या की

**छबड़ा** (निसं)। पाली थाना क्षेत्र के मोरेली पठार गांव निवासी एक युवक ने पत्नी द्वारा शराब पीने से रोकने पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मोरेली पठार गांव निवासी भूरालाल बंजारा (27) ने बुधवार को पत्नी द्वारा शराब पीने से रोकने पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, घटना की सूचना पर पहुंची पाली थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

### कार्य स्थगित रखा

**छबड़ा** (निसं)। मांगरोल उपखण्ड अधिकारी अंजना सहरावत की अवैधानिक कार्यशैली के विरूद्ध अभिभाशक परिषद मांगरोल व अंता 18 मार्च से निरंतर आंदोलन कर रहे है। उनके समर्थन में अभिभाशक परिशद छबडा ने बुधवार को हडताल रखकर सभी न्यायालयो कार्य स्थगित रखा गया।

# कोटा विकास प्राधिकरण ने सौ करोड़ की जमीन से अतिक्रमण हटाए



कोटा विकास प्राधिकरण की टीम ने करोड़ों की जमीन से अतिक्रमण हटाए हैं।

**कोटा,** (निसं)। कोटा विकास प्राधिकरण ने बुधवार को अतिक्रमण पर बड़ा प्रहार किया। केडीए ने 65 बीघा जमीन को मुक्त करवाकर अपना बोर्ड लगा दिया। यहां से कच्चे पक्के कई ढांचे तोड़े गए। जमीन की कीमत 100 करोड़ रुपए आंकी गई है। यह बारां रोड पर नया नोहरा और बोरखंडी के नजदीक है।

केडीए के सचिव कुशल कोठारी ने बताया कि अतिक्रमण हटाने की कानूनी प्रक्रिया पहले ही शुरू कर दी गई थी। अब बुधवार को भारी पुलिस बल और बुलडोजर के साथ केडीए के आला-अधिकारी मौके पर पहुंचे और कच्चे-पक्के अतिक्रमणों पर बुलडोजर चलाया। कई घंटों तक चली इस कार्रवाई में करीब दो दर्जन के आसपास कच्चे-पक्के अतिक्रमण और स्ट्रक्चर तोड़े गए।

स्थानीय लोगों के विरोध से बचने के लिए भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। पुलिस लोगों को मौके से दूर करती रही। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान तहसीलदार हिम्मत सिंह व सुरेन्द्र शर्मा, पुलिस उपाधीक्षक लोकेन्द्र पालीवाल, बोरखेड़ा थानाधिकारी देवेश भारद्वाज, उद्योगनगर के जितेंद्र सिंह शेखावत व विज्ञान नगर थानाधिकारी मुकेश मीणा सहित पूरा जाप्ता मौजूद रहा।

मौके पर काबिज लोगों ने बताया कि यहां भूमाफियाओं ने कृषि भूमि बताकर भूखंड बेच दिए। यहां आवासीय कॉलोनियां, फॉर्म हाऊस व बाउंड्री बनी हुई थी। कोटा विकास प्राधिकरण के बुलडोजरों ने मौके पर बने हुए स्ट्रक्चरों को तोड़ दिया। कुछ मकानों में लोग रह रहे थे उन्हें मकान खाली कराने का समय दे दिया गया। जल्द ही उन पर कार्रवाई की जाएगी। इन लोगों का कहना था कि उन्हें कुछ लोगों ने यह भूखंड बेच दिए थे जिसके बाद उन्होंने यहां मकान बना लिए थे। हालांकि अधिकारी यह नहीं बता पा रहे कि किन-किन लोगों ने यहां अवैध तरीके से भूखंड बेचे थे।

# राजस्थान पुजारी सेवक महासंघ की भूख हड़ताल समाप्त

**कोटा,** (निसं)। हाड़ौती के पीड़ित तीन पुजारी लव-कुश किशनपुरा तकिया नयागांव, रामनारायण योगी खेड़ारसूलपुर एवं पुजारी धनराज ग्राम सौगंधआ ने संभाग आयुक्त के सामने बुधवार को दंडवत परिक्रमा लगाई। तथा संभागीय आयुक्त से मिलकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापनों ब्राह्मण कल्याण परिषद के संयोजक अनिल तिवारी के नेतृत्व में पुजारी संघ ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के विशेष अधिकारी ओएसडी राजीव दत्ता से उनके कार्यालय पर जाकर न्याय की मांग की। उन्होंने विषय की गंभीरता को समझते हुए तुरंत धरना स्थल पर पहुंचकर पीड़ित पुजारीगणों की समस्याओं का समाधान के लिए वहीं से संबंधित अधिकारियों को फोन किया। राजीव दत्ता ने मौके पर पुजारीगणों को आश्वासन दिया जो भू-माफिया हैं उन पर सख्त कार्रवाई होगी अब ओम बिरला के विशेष अभियान से पीड़ित पुजारीगणों को उनकी मंदिर माफी की भूमि वापस मिलेगी। सभी अधिकारियों को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन के सभी अधिकारियों के फैसले पुजारी समाज ने प्रसन्नता जाहिर की।

# कोटा-बूंदी दुग्ध संघ ने श्रीखंड और दही के किफायती छोटे पैक लॉन्च किए

■ अब सिर्फ 15 में मिलेगा 50 ग्राम श्रीखंड और 35 में 400 ग्राम दही

**कोटा,** (निसं)। गर्मी के मौसम में उपभोक्ताओं को राहत देने और गुणवत्तापूर्ण दुग्ध उत्पादों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाने के उद्देश्य से कोटा-बूंदी दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड ने अपने दो लोकप्रिय उत्पादोंश्रीखंड और दही को नए और किफायती छोटे पैक में लॉन्च किया है।

संघ के अध्यक्ष चैनसिंह राठौड़ ने बताया कि अब उपभोक्ताओं को श्रीखंड का 50 ग्राम का नया आकर्षक पैक केवल 15 में उपलब्ध होगा, जबकि दही का 400 ग्राम पैक 35 में बाजार में उतारा गया है। यह पहल खासतौर पर छात्रों, छोटे परिवारों और सीमित बजट वाले उपभोक्ताओं के लिए राहत लेकर आई है। अध्यक्ष राठौड़ ने बताया कि पहले श्रीखंड केवल 100 ग्राम में उपलब्ध था, लेकिन अब इसे केसर-पिस्ता फ्लेवर में छोटे 50 ग्राम के पैक में भी लाया गया है, जो स्वाद और पोषण से भरपूर है। वहीं, 400 ग्राम का नया दही पैक उन उपभोक्ताओं के लिए बेहद उपयुक्त है, जो एक समय में ताजगी और पौष्टिकता का अनुभव करना चाहते है।

उन्होंने कहा, 'छोटे पैक में उत्पाद लाने का उद्देश्य यह है कि उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद सुलभ मूल्य पर हर वर्ग के उपभोक्ता तक पहुँचे। गर्मियों में श्रीखंड और दही जैसे उत्पादों की मांग तेजी से बढ़ती है और यह बदलाव समय की माँग है। प्रबंध संचालक दिलखुश मीणा ने बताया कि छोटे पैक का एक फायदा यह भी है कि इन्हें एक बार में खपत किया जा सकता है, जिससे बर्बादी नहीं होती और उत्पाद की ताजगी बनी रहती है। इसके अलावा, छोटे पैक परिवहन व भंडारण में भी सुविधाजनक होते हैं। इस नवाचार को दुकानदारों और उपभोक्ताओं दोनों से सराहना मिल रही है।

खासकर छात्रावासों में रहने वाले विद्यार्थियों और युवायों के लिए यह बेहद सुविधाजनक साबित रहेंगे। अध्यक्ष राठौड़ ने जोर देते हुए कहा, 'यह केवल पैक के आकार में बदलाव नहीं, बल्कि उपभोक्ताओं की जरूरतों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। आने वाले समय में भी संघ उपभोक्ता हित में ऐसे निर्णय लेता रहेगा।

# नगर निगम में राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण

**कोटा,** (निसं)। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व.राजीव गांधी कि पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन कोटा के तत्वावधान में नगर निगम कोटा के प्रांगण में पुष्पांजलि का कार्यक्रम रखा गया। जिला अध्यक्ष अनिल सुवालका ने बताया कि इस अवसर पर राजीव गांधी की प्रतिमा कि पहले साफ-सफाई की गई फिर दही एवं दूध से प्रतिमा को नहलाया गया उसके बाद राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर ड्रोन से पुष्प-वर्षा कर उन्हें श्रद्धा से याद किया। इस अवसर पर महापौर मंजू मेहरा ने कहा कि स्व.राजीव गांधी की दूरदर्शी सोच की वजह से आज भारत देश में सूचना टेक्नोलॉजी में अग्रणी है। उपमहापौर सोनू कुरेशी एवं पवन मीणा ने कहा कि राजीव गांधी युवाओं के प्रणेता थे।

# नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। शहर की रेलवे कॉलोनी थाना पुलिस ने नाबालिग से छेड़छाड़ के मामले में कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 7.20 लाख के नकली नोट और उसके घर से एक कोबरा सांप भी बरामद किया है। जिसका भय दिखाकर वह नाबालिग से छेड़छाड़ करता था। रेलवे कॉलोनी में रहने वाले आरोपी 29 वर्षीय मोहम्मद इमरान पुत्र खुदाबक्श मूल रूप से झांसी निवासी है।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक शहर डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि गत 18 मई को रेलवे कॉलोनी थाने में एक व्यक्ति ने मुकदमा दर्ज कराया था कि उसकी भांजी के साथ अश्लील वीडियो बनाकर दुष्कर्म किया है। एसपी ने बताया कि आरोपी अपने पास गैर-कानूनी रुप से किंग कोबरा प्रजाति का सांप रखता था। आरोपी छोटी-मोटी बीमारी ठीक करने के लिए झाड़फूंक करता था। चमत्कारी औषधी के माध्यम से बीमारियां दूर करने का झूठा झांसा देता था और लोगों से पैसा ऐंठता था। फरियादी के नाना को वह असली के साथ नकली मनोरंजन बैंक के नोट मिलाकर लौटाने भी वाला था। आरोपी ने अवैध रूप से घर में रखे कोबरा प्रजाति का खतरनाक सांप का रेस्क्यू वन विभाग टीम की सहायता से किया है।

एसपी डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि आरोपी मोहम्मद इमरान पर जादू-टोना करने, जिन्दा सांप व उल्लू रखने के आरोप लगे थे। जिनके माध्यम से महिला और बच्चों के साथ डरावना व्यवहार करता था। मोहम्मद इमरान नकली सिक्के व नोट बेचने-सप्लाई करने का काम करता है।

# स्व.राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई

**कोटा,** (निसं)। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की 34वीं पुण्यतिथि पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा बुधवार को राजीव गांधी नगर स्थित आई.एल.चौराहे पर उनकी प्रतिमा पर शहर जिला अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी की अगुवाई में कांग्रेसजनो ने माल्यार्पण कर वहीं पर गोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम को बलिदान दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शहर जिला अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने कहा कि स्व.राजीव गांधी सबसे कम उम्र में देश के प्रधानमंत्री बने उन्होंने आधुनिक भारत का निर्माण कर देश को नई दिशा दी उनके अथक प्रयास से देश में नई संचार क्रांति का उदय हुआ देश व पूरे विश्व में अमन शांति के उन्होंने सार्थक प्रयास किये राजीव गांधी ने देश में इंफॉर्मेशन टेक्नॉलॉजी की नींव रखी जिससे युवाओं को रोजगार की नई दिशा मिली।


**पश्चिम मध्य रेल**

मुख्य कारखाना प्रबन्धक, माल डिब्बा मरम्मत कारखाना, कोटा ■ दिनांक 19.05.2025

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मुख्य कारखाना प्रबन्धक, माल डिब्बा मरम्मत कारखाना, कोटा, निम्नलिखित कार्य की ई-निविदा आमंत्रित करते है:- **टेण्डर सं.: S-234-3-1-MATMOVMENT-07RE. कार्य का विवरणः माल डिब्बा मरम्मत कारखाना, कोटा, प.म.रे. परिसर में इंट्रा एवं इंटर शॉप मटेरियल मूवमेंट और हैंडलिंग का कार्य। अनुमानित लागतः ₹ 1,06,99,776/-. निविदा प्रपत्र राशिः** निल। **बयाना राशिः ₹ 2,03,500/-. कार्य पूर्ण करने की अवधिः 12** माह। **निविदा बंद/खोलने की तारीख और समयः** बंद होगा 11.30 बजे दिनांक 11.06.2025 एवं खोला जाएगा 12.00 बजे दिनांक 11.06.2025. ई-निविदा वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दी गई है तथा मुख्य कारखाना प्रबन्धक कार्यालय, कोटा के प्रगति अनुभाग के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है। ऑफर सिर्फ ई-निविदा के माध्यम से इसी वेबसाइट पर स्वीकार किये जायेंगे। इस निविदा के लिये मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे। यदि ऐसा कोई ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर ध्यान नहीं दिया जायेगा।

*उप मुख्य यांत्रिक इंजी.-II, मा.डि.म.कारखाना, कोटा जं.*

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर


# बारां में अंडर-17 कुश्ती प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

**बारां** (निसं)। राजस्थान राज्य कुश्ती संघ के प्रदेशाध्यक्ष राजीव दत्ता ने शुक्रवार को बारां जिले में आयोजित अंडर-17 कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। आयोजन में जिलेभर से आए युवा पहलवानों, खेलप्रेमियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा जनप्रतिनिधियों की बड़ी भागीदारी रही।

अपने संबोधन में दत्ता ने प्रदेश में कुश्ती को नए स्तर तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहाः "कुश्ती हमारी सांस्कृतिक विरासत है। मेरा उद्देश्य है कि हर जिले, हर गांव तक इस खेल को ले जाकर युवाओं को एक नया मंच और भविष्य देने का कार्य किया जाए।

कुश्ती केवल एक खेल नहीं, यह हमारी भारतीय संस्कृति, अनुशासन और आत्मबल का प्रतीक है। यह हमारा माटी से जुड़ा खेल है, जिसे संरक्षित करना और नई पीढ़ी तक पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है। मेरा लक्ष्य है कि हर जिले में कुश्ती को बढ़ावा मिले और युवा प्रतिभाओं को सही प्रशिक्षण, मंच और सुविधाएं मिलें।"

उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कुश्ती की गहरी जड़ें हैं, और इन क्षेत्रों में खेल के ढांचे को और सशक्त बनाने के लिए योजनाएं तैयार की जा रही हैं। साथ ही, खिलाड़ियों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने हेतु विशेष प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कोटा में हाल ही में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ है और राज्य के प्रत्येक जिले में कुश्ती के लिए बुनियादी ढांचा और मंच उपलब्ध कराने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने युवाओं से आव्हान किया कि वे मेहनत, ईमानदारी और खेल भावना के साथ देश और प्रदेश का नाम रोशन करें।

इस अवसर पर किशनगंज विधायक ललित मीणा ने ने कहा, ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों में कुश्ती जैसी परंपरागत खेलों को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है। इससे युवाओं को अनुशासन, फिटनेस और जीवन के संघर्षों से जूझने की प्रेरणा मिलती है। मुझे खुशी है कि हमारी सरकार और कुश्ती संघ खेल इंफ्रा को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। साथ ही उन्होंने कहा की मुझे पूर्ण विश्वास हुआ है कि नव निर्वाचित अध्यक्ष राजीव दत्ता के नेतृत्व में राजस्थान में कुश्ती नये आयाम स्थापित करेगी

कुश्ती संघ के जिलाध्यक्ष आनंद गर्ग ने कहा, जिले में कुश्ती की गहरी परंपरा है और हम लगातार प्रयास कर रहे हैं कि हमारे पहलवान राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतें। आगामी वर्षों में हम अधिक प्रतियोगिताएं आयोजित करेंगे और खिलाड़ियों को प्रशिक्षण व संसाधन प्रदान करेंगे।

शुभारंभ समारोह से पूर्व प्रदेशाध्यक्ष राजीव दत्ता के बारां प्रथम आगमन पर नगर में उत्साह देखा गया। भूल भूलियाँ चौराहा, अटरू रोड से एक भव्य स्वागत जुलूस निकाला गया जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कृषि उपज मंडी परिसर पहुंचा, जहां स्वागत सभा आयोजित हुई। जुलूस में सैकडों पहलवान, खेल प्रेमी, सामाजिक कार्यकर्ता और आमजन शामिल हुए। जगह-जगह पुष्पवर्षा के साथ दत्ता का भव्य स्वागत हुआ। बारां से पूर्व सीमल्या और अंता में भी दत्ता का गर्मजोशी से स्वागत हुआ। इस दौरान किशनगंज विधायक ललित मीणा, बारां विधायक राधेश्याम बैरवा, कुश्ती संघ के जिला अध्यक्ष आनंद गर्ग, कुश्ती संघ के प्रदेश सचिव उम्मेद सिंह, कोषा अध्यक्ष सत्यप्रकाश, तजेंद्र सिंह बराड़, बद्री गोचर, संजय झांब, राजेश हाडा, भीम चौधरी, हरीश शर्मा, कन्हैया लाल मालव आदि मौजूद रहे।

# जिले में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करें : जिला कलेक्टर



जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़ ने जिला जल एवं स्वच्छता मिशन तथा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की बैठक ली।

**झालावाड़,** (निसं)। जिला जल एवं स्वच्छता मिशन तथा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की बैठक बुधवार को जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में मिनी सचिवालय के सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में जिला कलेक्टर ने जिले की वृहद परियोजनाओं एवं इनके अतिरिक्त संचालित अन्य परियोजनाओं के तहत जल जीवन मिशन योजनार्न्तगत हर घर जल के कार्यों की समीक्षा करते हुए प्रगति लाने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कहा कि जिन क्षेत्रों में टेप कनेक्शन हो चुका हैं वहां नलों के माध्यम से नियमित जलापूर्ति करवाना सुनिश्चित करें।

जिला कलेक्टर ने कहा कि गर्मी की अधिकता के कारण जिले में पेयजल आपूर्ति में कोई कमी न रहे। पेयजल आपूर्ति के संबंध में किसी भी क्षेत्र से कोई शिकायत आती है तो शीघ्र उसका निस्तारण करवाएं। साथ ही आमजन को स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करें।

इस दौरान जिला कलक्टर ने जिले के सभी राजकीय विद्यालयों, चिकित्सा संस्थानों एवं आंगनबाडी केन्द्रों में टेप कनेक्शन की समीक्षा करते हुए पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए।

बैठक में उपस्थित सरपंचों द्वारा उनके क्षेत्रों में जलापूर्ति की समस्याओं एवं सुझावों से जिला कलक्टर को अवगत कराने पर जिला कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को जलापूर्ति में आ रही समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए।

इस दौरान जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता वी.सी. गोयल ने जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों एवं प्रगति की जानकारी से अवगत कराया। इस दौरान नल जल मित्रों के चयन हेतु चर्चा कर आवश्यक निर्देश प्रदान किए।

इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत संचालित कार्यों से संबंधित प्रगति की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ने ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश जिला परियोजना प्रबंधक मुकेश शर्मा को दिए।

इस दौरान जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शम्भूदयाल मीणा ने बताया कि विभिन्न ग्राम पंचायतों में सफाई कार्य हेतु टेण्डर कर सफाई कार्य प्रारम्भ करवा दिया गया है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ ग्राम के लिए ग्रामीणों एवं स्थानीय प्रशासक का सहयोग भी आवश्यक होता है। जिला कलक्टर ने प्रशासकों को अपने-अपने क्षेत्रों में सफाई कार्य की व्यापक मॉनिटरिंग करने का आग्रह किया।

बैठक में उप वन संरक्षक सागर पंवार, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी रामसिंह मीणा, महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक सत्यनारायण नवारिया, उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय के पूर्व डीन डॉ. मधुसुदन आचार्य सहित जलदाय विभाग के अभियंता एवं कार्मिक उपस्थित रहे।


**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना पुराना नाम लाईका बेगम से बदलकर नया नाम लाईका खान रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।
**पता-लाईका खान पत्नी सलीम उर रहमान 186 बी आदित्य नगर ग्रामीण पुलिस लाईन बोरखेड़ा कोटा**

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना पुराना नाम ZULEKHA PARVEEN से बदलकर नया नाम JULEKHA PARVEEN रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।
**पता-जुलेखा परवीन पत्नी अब्दुल फरीद 40 प्रगति नगर पुलिस लाईन कोटा**

**खोया पाया**

संगीता पुत्री रामलाल रोहिडा मकान नं. 4-भ-9 विज्ञान नगर कोटा का मूल आवंटन पत्र कब्जा पत्र डिक्लेरेशन व इन्वेंटरी गुम हो गए है किसी को मिलने पर सूचित करें।

**खोया पाया**

चेतन कुमार शर्मा पुत्र महावीर प्रसाद शर्मा निवासी 1-घ-2 विज्ञान नगर कोटा का भौतिक कब्जा पत्र, इन्वेंटरी पत्र व अनुज्ञा पत्र गुम हो गए है किसी को मिलने पर सूचित करें।
मो. 9672599913

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक:-1311 नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना दिनांक:-21.5.2025

नगर विकास न्यास कोटा की योजना विश्वकर्मा नगर ऑटोमोबाइल व्यवसायिक के भूखंड/आवास संख्या 599 मै. विजय डिस्पोजल हाउस प्रो. श्री कजोड मल पुत्र श्री भंवर लाल को आवंटन न्यास के पत्र दिनांक 14.12.2000 के द्वारा आवंटन जारी किया गया था। मै. विजय डिस्पोजल हाउस प्रो. श्री कजोड मल पुत्र श्री भंवर लाल की मृत्यु दिनांक 21.04.2005 को हो चुकी है। मृत्यु उपरांत आवंटी के विधिक वारिसान द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों में मृत्यु प्रमाण पत्र, रिलीज डीड, शपथ पत्र, आई.डी. इत्यादि प्रस्तुत कर उक्त भूखंड/आवास अपने नामहस्तान्तरण करने की स्वीकृति नगर विकास न्यास कोटा से चाही जा रही है।

अत: प्राप्त विधिक राय अनुसार जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 599 योजना विश्वकर्मा नगर ऑटोमोबाइल व्यवसायिक का नाम हस्तान्तरण श्री ज्योति पांचाल पत्नी स्व. विजय कुमार के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक:-1310 नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना दिनांक:-21.5.2025

नगर विकास न्यास कोटा की ट्रांसपोर्ट नगर व्यवसायिक योजना के भूखंड/आवास संख्या 119 का आवंटन न्यास के पत्र दिनांक 03.05.2001 को मै. ओरियन्टल गुडस ट्रांसपोर्ट प्रो. श्री मनोहर लाल पुत्र श्री देशराज को किया गया था। मै. ओरियन्टल गुडस ट्रांसपोर्ट प्रो. श्री मनोहर लाल पुत्र श्री देशराज द्वारा उक्त भूखंड का जर्ये मुख्तारआम श्री अब्दुल गफ्फार पुत्र श्री अब्दुल मजीद द्वारा जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 30.04.2008 को श्री आसीफ अंसारी पुत्र श्री अब्दुल गफ्फार को विक्रय कर दिया गया है। अत: क्रेता द्वारा उक्त भूखंड का अपने नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 119 योजना ट्रांसपोर्ट नगर व्यवसायिक का नाम हस्तान्तरण श्री आसीफ अंसारी पुत्र श्री अब्दुल गफ्फार के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

**कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

**विज्ञप्ति**

क्रमांक:-एफ-15/कृ.भू.रू./2025/298 दिनांक:-21.5.2025

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम बालाकुण्ड में स्थित कृषि भूमि योजना न्यू जवाहर नगर खसरा नं. 91/40 में स्थित भूखंड संख्या ई-3 क्षेत्रफल 138.89 वर्गगज आवेदक/आवेदिका श्रीमती पूजा जैन पत्नी श्री विशाल कुमार जैन एवं आराध्य जैन एवं अद्विक जैन (नाबालिक) पुत्र स्व. श्री विशाल कुमार जैन (जर्ये वाली माता संरक्षक पूजा जैन) निवासी ई-3 नया जवाहर नगर विज्ञान नगर कोटा राज. नाम हस्तान्तरण हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखंड का पट्टा आदेश क्रमांक 50 दिनांक 28.05.2012 को श्री अशोक कुमार जैन पुत्र स्व. श्री प्रेमचन्द जैन के नाम जारी किया गया था। पट्टाधारी उक्त भूखंड का बैचान जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 30.01.2024 को जर्ये मुख्तारआम अनिल मेघवानी पुत्र श्री रमेश चन्द मेघवानी द्वारा श्री विशाल जैन पुत्र श्री महावीर प्रसाद जैन के पक्ष में किया गया। जिसका नाम हस्तान्तरण आदेश क्रमांक 50 दिनांक 07.04.2014 से जारी किया गया। विशाल जैन की मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार दिनांक 29.09.2024 को हो चुकी है। मृतक विशाल जैन के विधिक वारिसान पत्नी पूजा जैन, पुत्र आराध्य जैन, आद्विक जैन (नाबालिक) है।

अत: श्रीमती पूजा जैन पत्नी श्री विशाल कुमार जैन एवं आराध्य जैन एवं अद्विक जैन (नाबालिक) पुत्र स्व. श्री विशाल कुमार जैन (जर्ये वाली माता संरक्षक पूजा जैन) के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी। उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

**कार्यालय नगर निगम, कोटा-दक्षिण, कोटा, राजस्थान**

क्रमांक:-ननिको-द./उपायुक्त जोन द्वितीय/भ.नि.अनु./2025/1968-69 दिनांक: 21.5.25

**स्वामित्व हस्तांतरण बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती उर्मिला गौत्तम पत्नी स्व. श्री सुरेश कुमार तिवारी निवासी 1149 महावीर नगर द्वितीय योजना कोटा द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर भूखंड संख्या 1149 महावीर नगर द्वितीय योजना कोटा क्षेत्रफल 962 वर्गफुट का स्वामित्व स्वयं के पक्ष के नाम हस्तांतरण करने का आवेदन किया है। भूखंड संख्या 1149 महावीर नगर द्वितीय योजना कोटा क्षेत्रफल 962 वर्गफुट का नामांतरण कार्यालय नगर विकास न्यास कोटा द्वारा आदेश क्रमांक 1168-70 दिनांक 21.03.1991 से श्री सूरज भान चौधरी पुत्र श्री नारायण चौधरी के पक्ष में किया गया है। श्री सूरज भान द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 17.04.2000 से उक्त भूखंड का बैचान श्री सुरेश कुमार तिवारी पुत्र श्री मांगीलाल के पक्ष में किया गया है। श्री सुरेश तिवारी की मृत्यु दिनांक 21.09.2015 को हो जाने के उपरांत जीवित विधिक वारिसान सुश्री यामिनी तिवारी एवं श्री दिव्यांश तिवारी पिसरान स्व. श्री सुरेश कुमार तिवारी द्वारा पंजीकृत हकत्याग पत्र दिनांक 07.06.2024 से उक्त भूखंड में निहित स्वयं का हक अपनी माता श्रीमती उर्मिला गौत्तम पत्नी स्व. श्री सुरेश कुमार तिवारी के पक्ष में त्याग दिया गया है। उक्त भूखंड संख्या 1149 महावीर नगर द्वितीय योजना कोटा आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा दक्षिण उक्त भूखंड के स्वामित्व नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है।

उक्त भूखंड का स्वामित्व नाम हस्तान्तरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी उक्त भूखंड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 07 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त द्वितीय कक्ष में प्रस्तुत करें। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक:-1308 नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना दिनांक:-21.5.2025

नगर विकास न्यास कोटा की योजना गुमानपुरा थाने के पीछे व्यवसायिक के भूखंड/आवास संख्या 12 श्रीमती सुखबीर कौर पत्नी श्री गुरुदीप सिंह चंदी को आवंटन/नीलामी न्यास के पत्र दिनांक 18.04.1995 के द्वारा आवंटन जारी किया गया था। आवंटी श्रीमती सुखबीर कौर की मृत्यु दिनांक 30.06.2024 को हो चुकी है। उक्त भूखंड की पार्टनरशीप डीड श्री सुरजीत सिंह चंदी व श्री अवतार सिंह चंदी एवं मेजर सिंह चंदी पुत्र श्री गुरदीप सिंह चंदी के नाम निष्पादित है। मृत्यु उपरांत आवंटी के विधिक वारिसानों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों में मृत्यु प्रमाण पत्र, पार्टनर शीप डीड, शपथ पत्र, आई.डी. इत्यादि प्रस्तुत कर उक्त भूखंड/आवास अपने नामहस्तान्तरण करने की स्वीकृति नगर विकास न्यास कोटा से चाही जा रही है।

अत: प्राप्त विधिक राय अनुसार जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 12 योजना गुमानपुरा थाने के पीछे व्यवसायिक का नाम हस्तान्तरण श्री सुरजीत सिंह चंदी व श्री अवतार सिंह चंदी एवं मेजर सिंह चंदी पुत्र श्री गुरदीप सिंह चंदी के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी। उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक:-एफ11/विक्रय/2025/35 दिनांक:-19.5.25

नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना

कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा योजना केशवपुरा सेक्टर-7 बसंत विहार आवास संख्या 148 का नामहस्तान्तरण पत्र क्रमांक 587-89 दिनांक 21.12.2002 को श्रीमती तुलसी बाई पत्नी स्व. श्री धन्ना लाल के नाम आवंटन किया गया था। श्रीमती तुलसी बाई पत्नी स्व. श्री धन्ना लाल की मृत्यु दिनांक 06.02.2022 को हो गयी है। मृत्यु उपरांत श्रीमती तुलसी बाई पत्नी स्व. श्री धन्ना लाल के विधिक वारिसान द्वारा प्रस्तुत रजिस्टर्ड रिलीज डीड (हक त्याग पत्र), मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आईडी इत्यादि दस्तावेजों के आधार पर श्री देवेन्द्र प्रसाद सोनिल पुत्र स्व. श्री धन्नालाल द्वारा उक्त आवास संख्या 148 केशवपुरा सेक्टर-7 बसंत विहार आवासीय अपने नाम हस्तान्तरण करने की स्वीकृति नगर विकास न्यास कोटा से चाही जा रही है।

अत: जरीये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास संख्या 148 योजना केशवपुरा सेक्टर-7 बसंत विहार आवासीय का नामहस्तान्तरण श्री देवेन्द्र प्रसाद सोनिल पुत्र स्व. श्री धन्नालाल के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी। उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक:-1309 नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना दिनांक:-21.5.2025

नगर विकास न्यास कोटा की योजना स्टोनमण्डी आनन्दपुरा व्यवसायिक के भूखंड/आवास संख्या 17 मै. बैरागी स्टोन सप्लायर्स प्रो. श्री प्रभूलाल पुत्र श्री देवीदास को आवंटन/नीलामी न्यास के पत्र दिनांक 19.05.1986 के द्वारा आवंटन जारी किया गया था। आवंटी श्री प्रभूलाल की मृत्यु दिनांक 15.12.2024 को हो चुकी है। आवंटी द्वारा अपने जीवनकाल में श्री अवतार सिंह चंदी पुत्र श्री गुरदीप सिंह चंदी के नाम वसीयत निष्पादित कर रखी थी। मृत्यु उपरांत आवंटी के विधिक वारिसान वसीयत हकदार द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों में मृत्यु प्रमाण पत्र, वसीयत नामा, शपथ पत्र, आई.डी. इत्यादि प्रस्तुत कर उक्त भूखंड/आवास अपने नामहस्तान्तरण करने की स्वीकृति नगर विकास न्यास कोटा से चाही जा रही है।

अत: प्राप्त विधिक राय अनुसार जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 17 योजना स्टोनमंडी आनन्दपुरा व्यवसायिक का नाम हस्तांतरण श्री अवतार सिंह चंदी पुत्र श्री गुरदीप सिंह चंदी के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक:-एफ11विक्रय/2025/47 दिनांक:-21.5.25

नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना

कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा भूखंड संख्या 565 मुकुन्दरा विहार आवासीय योजना में आवंटन पत्र क्रमांक 488 दिनांक 07.01.2016 को श्री राजेश कुमार बैरवा पुत्र श्री मन्नालाल बैरवा के नाम आवंटन किया गया था। श्री राजेश कुमार बैरवा पुत्र श्री मन्नालाल बैरवा द्वारा उक्त भूखंड का जर्ये मुख्तारआम श्रीमती सोसर बाई पत्नी श्री किशन चन्द द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 15.12.2024 को श्री सुरेन्द्र कुमार नागर पुत्र श्री किशन चन्द्र को विक्रय कर दिया गया है। अत: श्री सुरेन्द्र कुमार नागर पुत्र श्री किशन चन्द्र द्वारा उक्त भूखंड का स्वामित्व अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखंड संख्या 565 मुकुन्दरा विहार आवासीय योजना का नाम हस्तान्तरण श्री सुरेन्द्र कुमार नागर पुत्र श्री किशन चन्द्र के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा